भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1493
11 फरवरी, 2020 को उत्तरार्थ

विषय: अत्यधिक वर्षा

1493. श्री नितेश गंगा देबः

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश के विभिन्न हिस्सों में दिसंबर 2019 और जनवरी 2020 के महीने में वर्षा में वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्यवार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त अवधि में हुए अत्यधिक वर्षा के कारण रबी फसलों, फलों और सब्जियों का बहुत अधिक नुकसान हुआ है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार के पास प्रभावित जिलों में किसानों का ऋण माफ करने की कोई योजना है यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेंद्र सिंह तोमर)

(क) एवं (ख) जी, हां। दिसम्बर, 2019 के दौरान 13 राज्यों/केन्द्र शासित क्षेत्रों में अधिक/अत्यधिक वर्षा रिकार्ड की गई। जनवरी, 2020 के दौरान 22 राज्यों/केन्द्र शासित क्षेत्रों में अधिक/अत्यधिक वर्षा रिकॉर्ड की गई। ब्यौरे **अनुबंध** पर हैं।

(ग) एवं (घ) दिसम्बर, 2019 एवं जनवरी, 2020 में अधिक/अत्यधिक वर्षा के कारण किसी भी राज्य में फसल की हानि की सूचना नहीं मिली है।

(ड.) जी, नहीं।

लो.स.अता.प्र.सं.1493

अनुबंध

दिसम्बर, 2019 एवं जनवरी, 2020 के दौरान अधिक/अत्यधिक वर्षा वाले राज्य/केन्द्र शासित क्षेत्र									
क्र.सं.	राज्य/केन्द्र शासित क्षेत्र	अवधि: 01.12.2019 से 31.12.2019 तक				अवधि: 01.01.2020 से 31.01.2020			
		वास्तविक वर्षा (एमएम में)	सामान्य वर्षा (एमएम में)	% विचलन	श्रेणी	वास्तविक वर्षा (एमएम में)	सामान्य वर्षा (एमएम में)	% विचलन	श्रेणी
1.	अरुणाचल प्रदेश	-	-	-	-	58.5	47.2	24%	अधिक
2.	मेघालय	-	-	-	-	24.1	15.7	53%	अधिक
3.	नागालैंड	-	-	-	-	26.7	15.9	68%	अत्यधिक
4.	मणिपुर	-	-	-	-	33.5	12.7	164%	अत्यधिक
5.	मिजोरम	-	-	-	-	42.8	10.8	296%	अत्यधिक
6.	त्रिपुरा	-	-	-	-	26.7	7.9	239%	अत्यधिक
7.	सिक्किम	-	-	-	-	60.6	34.7	75%	अत्यधिक
8.	पश्चिम बंगाल	8.9	7.3	22%	अधिक	26.3	11.8	122%	अत्यधिक
9.	ओडिशा	-	-	-	-	16.3	12.1	35%	अधिक
10.	झारखंड	13.2	6.6	100%	अत्यधिक	29.5	12.2	142%	अत्यधिक
11.	बिहार	16.6	5.4	208%	अत्यधिक	-	-	-	-
12.	उत्तर प्रदेश	25.8	6.5	297%	अत्यधिक	29.6	12.2	142%	अत्यधिक
13.	उत्तराखंड	58.2	18.0	223%	अत्यधिक	131.7	41.6	217%	अत्यधिक
14.	हरियाणा	9.7	6.5	49%	अधिक	23.0	14.2	62%	अत्यधिक
15.	चंडीगढ़	29.4	23.4	26%	अधिक	-	-	-	-
16.	दिल्ली	22.6	7.3	209%	अत्यधिक	23.8	14.0	70%	अत्यधिक
17.	पंजाब	27.5	12.2	125%	अत्यधिक	45.9	21.0	119%	अत्यधिक
18.	हिमाचल प्रदेश	-	-	-	-	124.3	89.9	38%	अधिक
19.	जम्मू और कश्मीर	-	-	-	-	143.2	94.1	52%	अधिक
20.	राजस्थान	3.6	2.8	27%	अधिक	5.3	3.6	48%	अधिक
21.	मध्य प्रदेश	11.9	9.5	26%	अधिक	21.2	10.7	99%	अत्यधिक
22.	दमन और द्वीप	0.3	0.1	186%	अत्यधिक	-	-	-	-
23.	महाराष्ट्र	-	-	-	-	6.9	4.8	44%	अधिक
24.	छत्तीसगढ़	-	-	-	-	29.6	11.1	167%	अत्यधिक
25.	आंध्र प्रदेश	-	-	-	-	12.6	7.2	74%	अत्यधिक
26.	लक्षद्वीप	306.7	54.2	466%	अत्यधिक	-	-	-	-

अ.-अधिक (+20% से 59% तक)

अत्य.- अत्यधिक (+60% या अधिक)

****